

## सुपर ओवर में श्रीलंका से हारी भारतीय टीम

PAGE - 07

# आज तक

सबसे तेज़

## कैसे गदर की सकीना बनीं अमीषा पटेल?

PAGE - 12




AN INDIA TODAY GROUP PRESENTATION

### 64 फीसदी लोकेशन पर सैटेलाइट को नहीं दिखे बादल

## लापता हुआ मॉनसून, सूखे की आहट?

**नई दिल्ली, आजतक**

जून का महीना आधा बीत चुका है, लेकिन भारत की जीवनरेखा कहे जाने वाले दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को लेकर एक बेहद हैरान और डराने वाली तस्वीर सामने आई है. सैटेलाइट इमेज और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के हालिया आंकड़ों से पता चला है कि देश के बड़े हिस्से में मॉनसून अचानक बेहद कमजोर हो गया है. अंतरिक्ष से ली गई तस्वीरों में मॉनसून का बादलों वाला पारंपरिक रूप पूरी तरह गायब नजर आ रहा है. हालात इतने गंभीर हैं कि जून के शुरुआती दो हफ्तों में ही देश भर में बारिश का आंकड़ा सामान्य से काफी नीचे गिर गया है, जिससे खरीफ फसलों की बुआई और पानी की उपलब्धता पर संकट




मौसम विभाग की सैटेलाइट तस्वीर में मॉनसूनी बादल गायब दिख रहे हैं. (Photo: IMD)

के बादल मंडराने लगे हैं. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, समुद्र में नमी की कोई कमी नहीं है, लेकिन हवा के एक अजीब बर्ताव ने मॉनसून की रफ्तार को पूरी तरह ब्रेक लगा दिया है.

### श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव की बर्खास्तगी की मांग

## चंदे पर चंपत से भिड़े कटियार

**कुमार अभिषेक, मयंक शुक्ला, आजतक**



चंपत राय और विनय कटियार.

- दान राशि में गड़बड़ी का विवाद और बढ़ा
- चढ़ावे के पैसे निवास पर ले जाने का आरोप

अयोध्या से पूर्व भाजपा सांसद विनय कटियार ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान राशि और चढ़ावे में हुई कथित चोरी व अनियमितताओं के मामले में सीधे तौर पर राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को जिम्मेदार ठहराया है. विनय कटियार ने चंपत राय पर मंदिर के चढ़ावे के पैसे को कारसेवकपुरम स्थित अपने निजी आवास पर ले जाने का सीधा आरोप लगाया है. इस कथित वित्तीय अपराध की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को जेल भेजने के लिए कटियार ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिलने का निर्णय लिया है. प्रधानमंत्री के सीधे हस्तक्षेप के बाद इस पूरे मामले की जांच के लिए अब एक विशेष एसआईटी का गठन भी कर दिया गया है.

### गुरुओं के अपमान पर पंजाब के CM पर अकाल तख्त सख्त

# मुश्किल में मान

- आपत्तिजनक वीडियो लैब टेस्ट में सही पाया गया
- धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने बताया पंथ विरोधी

**चंडीगढ़, आजतक**

सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था 'अकाल तख्त' ने सोमवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को 'गुरु दोखी' और 'खालसा पंथ विरोधी' घोषित कर दिया. न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, अकाल तख्त ने यह फैसला उस कथित आपत्तिजनक वीडियो को लेकर लिया, जिसके संबंध में मुख्यमंत्री पर झूठ बोलने का आरोप लगाया गया है. भगवंत मान पर 'गुरु की गोलक' (गुरुद्वारे के दान पात्र) पर आपत्तिजनक टिप्पणी, सिख गुरुओं के अपमान का आरोप है.



मान ने अकाल तख्त के सामने वीडियो के मामले में झूठ बोला.पांच सिंह साहिबानों ने सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री को 'गुरु दोखी' घोषित किया है. **-ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज, अकाल तख्त के जत्थेदार**

### पंजाब मंत्रिमंडल और सिख विधायक तलब

अकाल तख्त ने इसके साथ ही पंजाब के सभी सिख विधायकों, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े हों, और पंजाब मंत्रिमंडल को भी 29 जून को अकाल तख्त के समक्ष पेश होने के लिए तलब किया है. यह समन राज्य सरकार द्वारा बनाए गए बेअदबी विरोधी कानून के संबंध में जारी किया गया है.



### वैभव सूर्यवंशी ने खोया आपा

सोमवार को श्रीलंका-ए की इंडिया-ए पर जीत के बाद मैदान पर बखेड़ा हो गया. श्रीलंका के खिलाड़ी जश्न मनाने लगे. वैभव सूर्यवंशी किसी बात से नाराज हो गए और उनका एक श्रीलंकाई फील्डर से झगड़ा हो जाता है.

## 'कुमकुम भाग्य' फेमए एक्ट्रेस ने की खुदकुशी

**मुंबई, आजतक**



टीवी वर्ल्ड की जानी मानी एक्ट्रेस संचिता उगले ने मुंबई में सुसाइड कर लिया है. संचिता ने आखिर ये कदम क्यों उठाया, इसे लेकर अभी कुछ रिवील नहीं हुआ है. संचिता की उम्र 30 साल बताई जा रही है. उन्होंने साजन घर, कुमकुम भाग्य, वागले की दुनिया जैसे शोज में काम किया था.

### शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में डील होगी साइन

## ईरान-US युद्ध का खेल खत्म

**वॉशिंगटन, तेहरान, आजतक**

अमेरिका-ईरान की बीच शांति समझौते पर सहमति बन गई है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका ऐलान किया. ईरान ने भी पुष्टि की है. ट्रंप ने रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज को जहाजों के लिए पूरी तरह से खोलने और नाकाबंदी को भी हटाने की घोषणा की. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालीबाफ ने इस समझौते पर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से साइन किए हैं.



### आज तक | दरअसल




epaper.aajtak.in

### थियेटर्स में छाई रिटर्न ऑफ द जंगल!

## कव्वाली की एक क्लिप से फ़िल्म के लिए बना माहौल

**मोहित ग्रोवर, आजतक**

**एक्सक्लूसिव**

सोशल मीडिया के अंतहीन स्क्रॉलिंग लूप में जब उंगलियां थकने लगती हैं, तब अचानक एक क्लिप स्क्रीन पर तैरती है. एक दरगाह का रुहानी मंजर है, सामने कुछ छोटे-छोटे एनिमेटेड बच्चे बैठे हैं. बैकग्राउंड में ऐसी कव्वाली गूंज रही है जो दिल को छू जाती है. इस 30 सेकंड से एक मिनट की क्लिप ने इंटरनेट पर जैसे जज्बात का सैलाब ला दिया है. लोग इस रील को सिर्फ देख और शेयर नहीं कर रहे हैं, बल्कि इसे देखते हुए अनगिनत लोगों की आंखें नम हो रही हैं. इस छोटी-सी क्लिप ने वो जादू कर दिया है, जो करोड़ों रुपये के भारी-भरकम बजट और बड़े सितारों वाली फिल्में भी नहीं कर पातीं. लोग इस एनिमेटेड कव्वाली के इस कदर दीवाने हुए हैं कि इसने उन्हें थिएटर्स तक खींच लिया है. यह क्लिप जिस फिल्म की है, उसका नाम है 'रिटर्न ऑफ द जंगल'. ऐसी फिल्म, जिसके रिलीज होने से पहले कोई शोर-शराबा नहीं था, लेकिन इसकी एक कव्वाली ने सिनेमाघरों के बाहर दर्शकों की लंबी लाइनें खड़ी कर दी हैं. हमारे समाज में एनिमेशन फिल्मों को लेकर हमेशा से सोच रही है कि ये 'बच्चों का खेल' हैं. लेकिन जब आप 'रिटर्न ऑफ द जंगल' के इस सूफियाना कव्वाली वाले सीन से गुजरते हैं या इस फ़िल्म को देखते हैं, तो दिल के तार झनझना उठते हैं.



"मैं बहुत खुश हूं. मेरे पास विदेशों से फोन आ रहे हैं. लोग 100-100 टिकटें खरीदकर डोनेट कर रहे हैं." **- वैभव कुमारेश, डायरेक्टर**



### विवाद के बाद NCERT का यू-टर्न

# NCERT की किताब में बदला 'डांसिंग गर्ल' का स्वरूप

**अनमोल नाथ, आजतक**

NCERT की नई कक्षा 9 की किताब मधुरिमा में सिंधु घाटी सभ्यता की प्रसिद्ध 'डांसिंग गर्ल' प्रतिमा की बदली हुई तस्वीर छापे जाने से विवाद हो गया है. इतिहासकारों और विशेषज्ञों का कहना है कि किताब में दिखाई गई तस्वीर मूल प्रतिमा से अलग है और इससे छात्रों के सामने ऐतिहासिक धरोहर की गलत तस्वीर पेश हो सकती है. 'डांसिंग गर्ल' लगभग 4,500 साल पुरानी कांस्य (ब्रॉन्ज) की प्रतिमा है, जो मोहनजोदड़ो से मिली थी. मूल प्रतिमा में आकृति का ऊपरी हिस्सा स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, लेकिन नई किताब में प्रकाशित तस्वीर में शेडिंग और रंगों का इस्तेमाल कर शरीर के कुछ हिस्सों को ढक दिया गया है. इसके कारण प्रतिमा का स्वरूप मूल कलाकृति से अलग नजर आता है. यह तस्वीर किताब के पहले अध्याय हिस्ट्री ऑफ आर्ट्स में प्रकाशित की गई है. जब इसकी तुलना मूल प्रतिमा की तस्वीरों से की गई तो दोनों में साफ अंतर दिखाई दिया. दिलचस्प बात यह है कि NCERT की कक्षा 6 की सामाजिक विज्ञान की किताब में यही प्रतिमा अपने मूल रूप के काफी करीब दिखाई गई है.

- इतिहास से छेड़छाड़ का आरोप
- डिजिटल संस्करण में होगा सुधार



विवाद के बाद NCERT ने दी सफाई
तस्वीर को लेकर उठे विवाद के बीच NCERT ने सुधारात्मक कदम उठाने की घोषणा की है.

### कला के मूल स्वरूप को बदलना उचित नहीं

**कक्षा 9 की पुस्तक में बदली हुई तस्वीर देखकर डैनिनो ने आश्चर्य जताया. उनका कहना है कि भारतीय कला पर आधारित अध्याय में किसी ऐतिहासिक कलाकृति के मूल स्वरूप को बदलना उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि इससे छात्रों को गलत जानकारी मिल सकती है और ऐतिहासिक वस्तु की वास्तविक पहचान प्रभावित होती है. डैनिनो ने यह भी कहा कि किसी कलाकृति में बदलाव तभी किया जाना चाहिए जब विशेषज्ञ किसी क्षतिग्रस्त वस्तु का पुनर्निर्माण कर रहे हों.**

### स्लोवाकिया पहुंचे पीएम मोदी, कई समझौतों पर सहमति

# मोदी-फिको वार्ता में ट्रेड, AI और निवेश पर फोकस

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्लोवाकिया की यात्रा पर राजधानी ब्रातिस्लावा पहुंचे, जहां उन्होंने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' में बदला. स्लोवाक पीएम रॉबर्ट फिको ने भारत की डिजिटल और आर्थिक प्रगति की सराहना की.**



प्रधानमंत्री मोदी और उनके स्लोवाकियाई समकक्ष रॉबर्ट फिको गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते हुए. (Photo: PTI)

**नई दिल्ली, आजतक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को स्लोवाकिया पहुंचे. वह इस देश की यात्रा करने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं.

राजधानी ब्रातिस्लावा में स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ समझौता ज्ञापनों (MoUs) के आदान-प्रदान और जॉइंट प्रेस ब्रीफिंग के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत और स्लोवाकिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को 'व्यापक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह व्यापक साझेदारी दोनों देशों की साझा सोच, साझा प्राथमिकताओं और साझा भविष्य का प्रतीक है. उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में स्लोवाकिया के सहयोग के लिए प्रधानमंत्री फिको का विशेष आभार व्यक्त किया. पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द लागू करने की दिशा में काम किया जा रहा है. स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने भारत की आर्थिक प्रगति, डिजिटल क्रांति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में उपलब्धियों की सराहना की. उन्होंने कहा कि भारत कई विकसित देशों से भी तेज गति से आगे बढ़ रहा है.

### द्विपक्षीय रिश्ते 'व्यापक साझेदारी' तक पहुंचे

**प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर स्लोवाकिया पहुंचे हैं. यह यात्रा प्रधानमंत्री फिको के निमंत्रण पर हो रही है. इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अप्रैल 2025 में स्लोवाकिया का राजकीय दौरा किया था, जबकि स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी फरवरी 2026 में एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने भारत आए थे. यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी से भी मुलाकात करेंगे.**

# दिल्ली एयरपोर्ट पर रोके गए बांग्लादेशी PM के सलाहकार

### एंट्री की मंजूरी के बाद वापस ढाका लौट गए

**नई दिल्ली, आजतक**

भारत और बांग्लादेश के रिश्तों के बीच एक नया घटनाक्रम सामने आया है. बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के करीबी सलाहकार जाहिद उर रहमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (IGI) एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए रोक दिया गया. बाद में भारत में एंट्री की मंजूरी भी मिल गई, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मीटिंग में शामिल हुए बिना ही वापस ढाका लौटने का फैसला किया. इस पूरे घटनाक्रम ने दोनों देशों के राजनीतिक और कूटनीतिक गलियारों में चर्चा तेज कर दी है.



बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री तारिक रहमान के नीति और रणनीति सलाहकार जाहिद उर रहमान रविवार शाम दिल्ली पहुंचे थे.




### सपनों को मिले पंख

**नोएडा के जेवर में बने इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सोमवार से कमर्शियल फ्लाइट्स का ऑपरेशन शुरू हो गया है. एयरपोर्ट पर पहली बार लखनऊ से आई फ्लाइट लैंड हुई, उसके बाद यहां से लखनऊ के लिए रवाना हुई. इस फ्लाइट में नोएडा के 172 किसान और जेवर बीजेपी विधायक धीरेंद्र सिंह लखनऊ पहुंचे. जहां उन्होंने सीएम योगी से मुलाकात की. (Photo: PTI)**

### जयपुर में प्रदर्शन के दौरान हंगामा

# CJP चीफ अभिजीत को युवक ने जड़ा थप्पड़

**विशाल शर्मा, आजतक**

पेपर लीक और बेरोजगारी के मुद्दे पर राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित विरोध प्रदर्शन के हंगामा खड़ा हो गया. कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दिपके को थप्पड़ मार दिया गया. इसके बाद मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई. पुलिस दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. पुलिस के मुताबिक, ये घटना जयपुर के शहीद स्मारक पर हुई. वहां बड़ी संख्या में युवा NEET पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी और बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए जुटे थे. प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने नारे लिखे हुए प्लेकार्ड हाथों में ले रखे थे और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे.



जयपुर में अभिजीत दिपके से बदसलूकी हुई. (Photo: ITG)

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही अभिजीत दिपके प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे, उनके समर्थकों ने उन्हें अपने कंधों पर उठा लिया. इसी दौरान भीड़ में मौजूद कुछ युवकों ने कथित तौर पर उन्हें थप्पड़ मार दिया.

### JOY मीम



सपा के लिए खींच दी रेड लाइन!

# यूपी में A-ग्रेड की 170 सीटों पर कांग्रेस की नजर

**उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अलग ही राह पर अपनी तैयारी कर रही है. कांग्रेस ने एक तरफ A-ग्रेड की 170 सीटों को चिह्नित कर लिया है, तो दूसरी तरफ ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद पर भी नजर है.**



इमरान मसूद ने कहा कि अखिलेश यादव राहुल गांधी का हाथ थामें. (Photo-PTI)

कुमार अभिषेक, आजतक

उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की अपने गठबंधन के लिए स्क्रिप्ट तैयार है. कांग्रेस सूबे में दलित नेता चंद्रशेखर आजाद से लेकर असदुद्दीन ओवैसी तक सभी को टटोल रही है. कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आजतक से बात करते हुए गठबंधन की रूपरेखा ही नहीं, बल्कि कांग्रेस की सीटों का फॉर्मूला तय कर दिया है और सपा के लिए भी रेड लाइन खींच दी है. इमरान मसूद ने असदुद्दीन ओवैसी को भाई और चंद्रशेखर आजाद को अपना दोस्त और हमदर्द बताया है. इमरान मसूद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी अखिलेश यादव को राहुल गांधी का हाथ थामना ही होगा और अब बीच में तीसरी धारा के लिए कोई जगह नहीं.

### गठबंधन की नई स्क्रिप्ट तैयार कर रही कांग्रेस

**इमरान मसूद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपने गठबंधन की स्क्रिप्ट तैयार कर रही है. इस गठबंधन में कई छोटे दल शामिल हो सकते हैं. चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी को अपना भाई बताते हुए इमरान मसूद ने कहा कि अभी कांग्रेस की तरकश में बहुत तीर हैं.**



सुदीप ने TMC छोड़ दी है, उनकी पत्नी ममता के साथ हैं. (File Photo: Facebook)

# TMC पर कब्जे की जंग, बागी गुट बोला- असली पार्टी हम हैं

तृणमूल के सिंबल पर ठोका दावा, कोर्ट जाने की तैयारी

कोलकाता, आजतक

तृणमूल कांग्रेस (TMC) के बागी सांसद अरूप चक्रवर्ती ने सोमवार को कहा कि अलग हुआ गुट पार्टी छोड़कर नहीं गया है, बल्कि वह पार्टी को सुधारने की कोशिश कर रहा है. उन्होंने दावा किया कि उनका गुट टीएमसी के चुनाव चिन्ह पर भी दावा करेगा. वहीं, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने इस कदम को संविधान की 10वीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत अवैध बताया है. टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने 14 जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की थी और घोषणा की थी कि वे त्रिपुरा स्थित पंजीकृत लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल 'नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया' (NCPI) में विलय कर रहे हैं.

### विधायक पत्नी ने नहीं छोड़ा ममता का साथ

**बंगाल की राजनीति के निराले रंग देखने को मिल रहे हैं. टीएमसी में फूट के बाद सांसद पति ने ममता का साथ छोड़ दिया है, लेकिन विधायक अभी भी पूर्व सीएम ममता के साथ है.**

ओवैसी के ऑफर पर रामगोपाल का जवाब

# बीजेपी को हराने वाले हर दल का स्वागत

कुमार अभिषेक, आजतक



AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश के बहराइच में हुई रैली में कहा कि वे उस पार्टी का समर्थन करेंगे, जो बीजेपी को हराएगी. अब समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने कहा है कि वे इसका स्वागत करेंगे. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव फिरोजाबाद में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए ओवैसी, मोदी सरकार के 12 साल, राममंदिर से चंदा चोरी, यूपी चुनाव और प्रदेश के अंदर लॉ एंड आर्डर जैसे कई मुद्दों पर अपनी राय रखी.


ओवैसी के बयान से जुड़े सवाल पर रामगोपाल यादव ने कहा, "बीजेपी को हराने वाला जो भी होगा उसका हम स्वागत करेंगे.

असदुद्दीन ओवैसी ने बहराइच की जनता को संबोधित करते हुए कहा, "आने वाले साल यूपी में चुनाव होने जा रहा है, आपके सियासी इंसाफ की लड़ाई AIMIM लड़ रही है. मेरी गुजारिश है, हमें अब अपनी सियासी लीडरशीप को बनाना होगा. जब तक हम अपने नुमाइंदों को कामयाब नहीं करेंगे.

शौकत अली को बनाया उम्मीदवार, अखिलेश पर साधा निशाना

# बहराइच की मटेरा से ओवैसी का चुनावी बिगुल

समर्थ श्रीवास्तव, आजतक



AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की मटेरा विधानसभा सीट के शंकरपुर चौराहा पर आयोजित एक विशाल जनसभा में अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया है.

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पूरी तैयारी के साथ उतरने और बीजेपी को सत्ता से हटाने के उद्देश्य से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए इस रैली को आयोजित किया गया था. ओवैसी ने गठबंधन के लिए बराबरी और इज्जत की शर्त रखते हुए समाजवादी पार्टी और मौजूदा सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा.

बहराइच के मटेरा में 'नारा-ए-तकबीर... अल्लाहु अकबर' के नारों के बीच ओवैसी ने चुनावी बिगुल फूंका. ओवैसी ने जनता से कहा कि इंशा अल्लाह, मटेरा से लेकर बहराइच और पूरे उत्तर प्रदेश में मजलिस इत्तिहाद की ताकत से पूरा गेम बदल देगी. उन्होंने बेबाकी से कहा कि उन्हें न तो बुलडोजर का डर है और न ही एनकाउंटर का खौफ है. ओवैसी ने मंच से खुलकर ऐलान किया कि वे 'आई लव मुहम्मद' कहने से कभी पीछे नहीं हटेंगे.

ओवैसी ने 'आज तक' से खास बातचीत में सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर भड़ास निकाली. उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव 2014 से लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं.

बिहार चुनाव के दौरान अखिलेश ने मजलिस के खिलाफ झूठा कैंपेन चलाया था. बसपा और सपा से गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि किससे बात होगी, यह वक्त बताएगा. उन्होंने साफ किया कि वे गठबंधन के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्हें बराबरी और इज्जत का स्थान मिलना चाहिए.

सपा के गढ़ में मजलिस की चुनौतीवर्ष 2008 के परिसीमन के बाद से मटेरा विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी का परंपरागत गढ़ रही है. वर्तमान में सपा के दिग्गज नेता वकार अहमद शाह की बहू मारिया शाह यहां से विधायक हैं.

वफादारी साबित करने का फरमान

# 5 सांसदों की गैरहाजिरी से बढ़ी उद्धव की टेंशन

ऋत्विक भालेकर, आजतक



उद्धव की मीटिंग से 5 सांसद गायब थे. (Photo: PTI)

'जब भी मैं फ़ोन करूं तो कृपया पक्का करें कि आप बात करने के लिए उपलब्ध हों. मैं समझता हूं कि आज आपकी अनुपस्थिति के जो निजी कारण आपने बताए, वे सही हैं. लेकिन हमारे पांच सांसदों के व्यक्तिगत रूप से मौजूद न होने से गलत असर पड़ता है. इसलिए, आप अभी जहां भी हैं, कृपया प्रेस के लिए एक औपचारिक बयान जारी करें.' अपनी पार्टी के भविष्य को लेकर चिंता भरे ये बयान शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे के हैं. उद्धव ने अपनी पार्टी के 5 सांसदों को तत्काल हाजिर होने का निर्देश दिया और कहा है कि वे तत्काल अपनी वफादारी साबित करें. शिवसेना यूबीटी के 5 सांसद कहां हैं? क्या ये सांसद उद्धव ठाकरे के साथ मौजूद हैं भी या बंगाल की तरह यहां भी राजनीति में कुछ 'खेला' होने वाला है. अब पार्टी की तस्वीर साफ करने के लिए खुद उद्धव ने मोर्चा संभाला है. उद्धव ने पार्टी की मीटिंग से गायब 5 सांसदों से कहा कि वे तत्काल अपनी स्थिति साफ करें.

दरअसल, जून 2026 की तपती गर्मी में उद्धव ठाकरे ने पार्टी की मीटिंग बुलाई थी.

उद्धव की पार्टी के 9 सांसद हैं, लेकिन मातोश्री में केवल 4 लोकसभा सांसद ही हाजिर हुए. बंगाल के सियासी माहौल को देखते हुए इन 5 सांसदों को लेकर कयास लगाने जाने लगे.


बता दें कि ठीक इसी तरह पश्चिम बंगाल चुनाव नतीजे के बाद टीएमसी के बागी सांसद ममता की मीटिंग में नहीं पहुंचे थे. इसके बाद से टीएमसी में टूट की शुरुआत हो गई थी.

# अभिषेक होशियार, लेकिन गुमराह हो गए: शताब्दी रॉय

अनुपम मिश्रा, आजतक

तृणमूल कांग्रेस की बागी सांसद शताब्दी रॉय राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वापस बंगाल की राजधानी कोलकाता पहुंच गई हैं. उन्होंने आजतक से बातचीत में कहा कि यह निश्चित रूप से एक चुनौती है. लोगों ने दूसरी जगह वोट दिया क्योंकि वे बदलाव चाहते थे. हम NDA के सहयोगी बनेंगे. उन्होंने आगे कहा, "मेरा अब भी मानना है कि अभिषेक बहुत होशियार और समझदार युवा हैं. वे बहुत कुछ हासिल कर सकते थे, लेकिन किसी वजह से वह गुमराह हो गए. उनमें राजनीति की क्षमता थी.

## आदित्य बनकर करीम ने 100 लड़कियों को फंसाया



**अतुल तिवारी, आजतक**

अहमदाबाद में रहने वाली कई अकेली और विधवा महिलाओं के लिए एक शख्स भरोसे, प्रेम और नए जीवन की उम्मीद बनकर आया था. वह खुद को 'आदित्य पटेल' बताता था. उसकी बातें इतनी मीठी थीं कि सामने वाला आसानी से उसके झांसे में आ जाता. लेकिन इस नाम और चेहरे के पीछे छिपी थी एक ऐसी साजिश, जिसका खुलासा होने के बाद पुलिस भी हैरान रह गई. अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने 44 वर्षीय करीम रफीकभाई सिपाही को गिरफ्तार किया है. जांच में सामने आया कि करीम मैट्रिमोनियल वेबसाइटों पर खुद को हिंदू युवक 'आदित्य पटेल' बताकर प्रोफाइल बनाता था. वह खास तौर पर उन महिलाओं को निशाना बनाता था जो अकेले जीवन जी रही थीं या विधवा थीं.

### जेल से निकलते ही रौशन आनंद का गंभीर आरोप, बोले

# 'फैजल खान ने मेरे भाई की हत्या करवाई'

**पटना कोचिंग विवाद में जेल से छूटे रौशन आनंद ने खान सर (फैजल खान) पर अपने भाई प्रिंस यादव की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया. साथ ही नार्को टेस्ट की मांग की, जबकि खान सर ने इन आरोपों के बीच उच्चस्तरीय जांच की वकालत की है.**



रौशन आनंद ने फैजल खान पर गंभीर आरोप लगाए. (Photo: itg)

**शशि भूषण कुमार, आजतक**

बिहार में पटना के फैजल खान उर्फ खान सर से जुड़े चर्चित कोचिंग विवाद में जेल में बंद रौशन आनंद अदालत से जमानत मिलने के बाद अपने भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सहरसा पहुंचे.

यहां उन्होंने बाहर आते ही सीधे-सीधे फैजल खान पर निशाना साधा. उन्होंने कहा मेरे भाई की हत्या हुई है, यह बड़ी साजिश है. फैजल खान और कोल्ड स्टोरेज के मालिक आरएस प्रसाद ने मेरे भाई की हत्या करवाई है. उनका नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि मेरे भाई मार दिया गया है.

आज मेरे समर्थकों को मेरा भाई बनना पड़ेगा और इंसाफ के लिए लड़ना होगा. हालांकि, इससे पहले खान सर ने एक वीडियो संदेश जारी कर प्रिंस यादव की मौत पर गहरा शोक जताया था. उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुखद और संवेदनशील बताते हुए कहा था .

### क्या है कोचिंग विवाद?

**क्या है कोचिंग विवाद? गौरतलब है कि इस पूरे विवाद की शुरुआत प्रिंस यादव की मौत से पहले 2 जून की रात हुई थी, जब खान ग्लोबल स्टडीज परिसर में मारपीट और हमले की घटना सामने आई थी. KGS के संचालक फैजल खान ने आरोप लगाया था कि ज्ञान बिंदु के निदेशक रौशन आनंद ने हमले और फायरिंग की साजिश रची थी.**



## आस्था की डुबकी

सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर हरिद्वार के हर की पौड़ी घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे भक्तों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की. इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए. (Photo: PTI)

### तेज रफ्तार का कहर

## मर्सिडीज हादसे में कारोबारी और महिला मित्र की गई जान



हादसे के बाद कार के परखच्चे उड़ गए. (Photo: ITG)

**सगाय राज, आजतक**

कर्नाटक में बेंगलुरु ग्रामीण जिले के होसकोटे के पास सैटेलाइट टाउन रिंग रोड (STRR) पर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है. यहां एक तेज रफ्तार मर्सिडीज-बेंज कार बेकाबू होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार एक कार डीलर और उनकी महिला मित्र की मौके पर ही मौत हो गई.

मृतकों की पहचान रिजवान (30) और सज्जिया के रूप में हुई है. रिजवान पेशे से पुरानी कारों के डीलर थे, जो शादीशुदा थे और उनके दो बच्चे हैं.

### 40 साल तक रहा फरार, शहर में कदम रखते ही गिरफ्तार

# जवानी में किया मर्डर, बुढ़ापे में पहुंचा जेल!

**सिद्धार्थ गुप्ता, आजतक**

उत्तर प्रदेश के बांदा में पुलिस ने एक ऐसे शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है, जो पिछले 40 सालों से से फरार चल रहा था.

हैरानी की बात ये है कि आरोपी कल्लू सिन्धन ने जवानी में अपराध किया और बुढ़ापे में जेल की हवा खा रहा है. पूरे चार दशकों से वह भेष बदलकर अपनी रिश्तेदारी में छुपकर इधर- उधर रह रहा था. इसके खिलाफ डकैती, हत्या जैसे गंभीर मुकदमें दर्ज हैं.

फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की



बांदा लौटते ही दबोचा गया बदमाश. (Photo: ITG)

कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जब से उसने अपराध किए तब से लेकर अबतक उसने जिले में कदम नहीं रखा, जैसे ही रखा तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया, अब वह 65 वर्ष का है. मामला पैलानी थाना क्षेत्र का है. पुलिस के मुताबिक आरोपी कल्लू सिंह के खिलाफ 1984 में लसड़ा गांव में हुई डकैती और हत्या के सम्बंध में केस दर्ज किया था. पुलिस ने उस समय उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था लेकिन जमानत पर जेल से छूटने के बाद आरोपी फरार हो गया था. आरोपी के खिलाफ कई बार अदालत ने भी वारंट जारी किया था.

आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि जब मैंने वारदात को अंजाम दिया तो पकड़ा गया, लेकिन जेल से रिहा होने के बाद कभी बांदा में पैर नहीं रखा था.

## खबरें और भी

### अफेयर के शक में भाई ने घोंटा बहन का गला

**फतेहपुर:** फतेहपुर में संदीप यादव ने अपनी सगी बहन रंजू की गला दबाकर हत्या कर दी. आरोपी एक दिन पहले ही बहन को उसके ससुराल से मायके लेकर आ रहा था. रास्ते में बहन को कथित प्रेमी के साथ देखने के बाद उपजे विवाद में उसने वारदात को अंजाम दिया.

### मेरठ: पुलिस थाने की जमीन पर निकली मस्जिद

**मेरठ:** मेरठ के थाना खरखौदा पुलिस ने दो सप्ताह पहले राजस्व टीम द्वारा की गई जमीन की पैमाइश के बाद थाने की सरकारी संपत्ति पर बनी एक मस्जिद को हटाने के लिए नोटिस जारी किया है. थाना परिसर में नए सरकारी आवासीय भवनों का निर्माण कार्य शुरू होना है.

### साधु हत्याकांड का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

**उन्नाव:** उन्नाव में साधु हत्याकांड के मुख्य आरोपी इसराइल का पुलिस मुठभेड़ में अंत हो गया. आरोपी पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था. पुलिस का दावा है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया.

### पुलिस की दबिश से डरकर गोमती नदी में कूदे दो जुआरी

**बाराबंकी:** बाराबंकी जिले के कोठी थाना क्षेत्र के पहला गांव में पुलिस की दबिश के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया. दरअसल, पुलिस को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी, जिस पर दारोगा विशेष कुमार कुरील की टीम ने छापेमारी की.

### देवरिया में तत्काल टिकट को लेकर बवाल

**देवरिया:** देवरिया के भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट को लेकर जमकर हंगामा हुआ. टिकट के लिए लाइन में लगे एक युवक को दलालों ने बेरहमी से पीट दिया. जीआरपी के सिपाही के साथ भी आरोपियों ने हाथापाई की और उसके हाथ में दांत काटकर फरार हो गए.

### हैवान पिता ने बेटी को कुल्हाड़ी से काट डाला

**फिरोजाबाद:** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज घटना सामने आई है. यहां थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र की नीलकंठ कॉलोनी में एक व्यक्ति ने अपनी ही बेटी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी, जबकि पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया.


Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) 90% OFF YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 92% OFF YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 91% OFF YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 91% OFF YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

# घर में तंग, बाहर जंग

ईरान जंग को ट्रंप मझधार में छोड़ सकते हैं, लेकिन इजरायल के लिए सर्वाइवल का सवाल है. नेतन्याहू और इजरायल की बड़ी आबादी मानती है कि अगर ईरान ये जंग मुकम्मल नहीं हारा, तो हमास और हिजबुल्लाह जैसी चुनौतियां फिर खड़ी हो जाएंगी. इसलिए ट्रंप जब भी 'पीस' की बात करते हैं, तो नेतन्याहू 'अमन के दुश्मन' नजर आते हैं.





**धीरेंद्र राय**
आजतक

**ख**बरों की सुर्खियां बता रही हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तो ईरान से पीस डील करना चाहते हैं, लेकिन ये इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हैं जो अमन के दुश्मन बन गए हैं. पिछले एक महीने में ऐसा कई बार हुआ, जब अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की सुगबुगाहट होती है, और तभी खबर आती है कि इजरायल ने ईरान या लेबनान पर बमबारी कर दी. इस पेचीदगी को समझने के लिए ईरान के साथ 'पीस' को लेकर अमेरिकी और इजरायली नजरिए का फर्क जानना जरूरी है. अमेरिका के लिए ईरान के साथ जंग 28 फरवरी 2026 को शुरू हुई हुई, लेकिन इजरायल के लोग ऐसा नहीं मानते. उनके लिए यह जंग 7 अक्टूबर 2023 को ही शुरू हो गई थी. जब हमास के आतंकियों ने इजरायल में घुसकर भयंकर कत्लेआम मचाया था. ईरान जंग के 110 दिन बाद अमेरिका कभी भी पीछे हट सकता है, लेकिन इजरायल और नेतन्याहू के डटे रहने के अपने बेहद ठोस कारण हैं.

**इजरायल के प्रधानमंत्री की सबसे बड़ी चुनौती अपने दुश्मनों को जवाब देना नहीं, बल्कि अपने सबसे बड़े मददगार अमेरिका को अपने हितों के हिसाब से साधना है.**

इजरायल का प्रधानमंत्री होना दुनिया के बाकी देशों जैसा नहीं है. यहां पीएम की कुर्सी पर बैठने का एक ही मतलब है. हर पल देश को नक्शे से मिटने से बचाना. बेंजामिन नेतन्याहू का पूरा राजनीतिक करियर इसी सोच पर टिका है. वह सिर्फ 28 साल की उम्र में डिप्लोमेसी की दुनिया में आए थे. बाद में वह संयुक्त राष्ट्र (UN) में इजरायल के सबसे युवा राजदूत बने. उनके पास सुरक्षा मामलों का बहुत लंबा अनुभव है. उनकी लिकुड पार्टी की विचारधारा बहुत साफ है. वे दुश्मनों के आगे झुकने के बजाय उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने पर यकीन रखते हैं.
इजरायल के प्रधानमंत्री की सबसे बड़ी चुनौती अपने दुश्मनों को जवाब देना नहीं, बल्कि अपने सबसे बड़े मददगार अमेरिका को अपने हितों के हिसाब से साधना है. नेतन्याहू ने खुद एक बार यह बात कही थी. उन्होंने कहा था, "एक इजरायली प्रधानमंत्री में इतनी हिम्मत होनी चाहिए कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति को भी 'ना' कह सके." खासकर तब, जब देश की सुरक्षा खतरे में हो. इसलिए जब अमेरिका अपने फायदे के लिए ईरान से हाथ मिलाना चाहता है, तब इजरायल का पीएम अपनी सुरक्षा को पहले देखता है. भले ही इससे अमेरिका नाराज हो जाए.
इजरायल की अंदरूनी राजनीति हमेशा उथल-पुथल से भरी रहती है. वहां की संसद (नेसेट) में कुल 120 सीटें हैं. किसी एक पार्टी को बहुमत मिलना बहुत मुश्किल होता है. इसलिए वहां हमेशा मिली-जुली सरकार बनती है. नेतन्याहू के विरोधी उन पर आरोप लगाते हैं कि वे अपनी कुर्सी बचाने के लिए युद्ध को लंबा खींच रहे हैं. उन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और वे जेल जाने से डर रहे हैं. यह सच है कि इजरायल की 20 फीसदी आबादी नेतन्याहू को पसंद नहीं करती. इतनी ही (20 फीसदी) आबादी उनकी पक्की समर्थक भी है.

---

आज तक

संपादक की कलम से

## जेवर की उड़ान

**त**य तारीख 15 जून 2026 को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से औपचारिक रूप से व्यावसायिक उड़ानें शुरू हो गईं. इंडिगो की पहली फ्लाइट लखनऊ से आई और कुछ किसानों को लेकर लखनऊ गई, जहां किसानों ने सीएम योगी से मुलाकात की. इस एयरपोर्ट की सोमवार को प्रतीकात्मक शुरुआत हुई, लेकिन हकीकत यह है कि जेवर एयरपोर्ट को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) एयरपोर्ट के साए में खुद को स्थापित करने के लिए बहुत लंबी यात्रा तय करनी होगी. यात्रा का अभी पहला दिन था इसलिए बुकिंग के आंकड़े अभी सामने नहीं आए हैं पर इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि आईजीआई एयरपोर्ट के मुकाबले जेवर एयर पोर्ट का विकल्प चुनना आम लोगों के लिए अभी काफी मुश्किल भरा रहने वाला है. दिल्ली-एनसीआर में दो एयरपोर्ट होने का विचार अच्छा है. क्योंकि आईजीआई पहले ही क्षमता की सीमा पर पहुंच चुका है. जेवर को राहत देने वाला विकल्प माना जा रहा था, लेकिन अभी तो फिलहाल ऐसा ही लगता है कि जेवर को अपनी सफल उड़ान भरने में लंबा समय लगने वाला है.

---

## दर्शन

चतुर्विधा: भजन्ते मां जना:
सुकृतिनोऽर्जुन ।आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी
ज्ञानी च भरतर्षभ ॥ 16॥

**भाव- हे भरतश्रेष्ठ! चार प्रकार के पवित्र लोग मेरी भक्ति में लीन रहते हैं: आर्त अर्थात् पीड़ित, ज्ञान की जिज्ञासा रखने वाले जिज्ञासु, संसार के स्वामित्व की अभिलाषा रखने वाले अर्थार्थी और जो परमज्ञान में स्थित ज्ञानी हैं.**

**श्लोक-16, अध्याय-7, श्रीमद्भगवद्गीता**

---

## आपकी चिट्ठी

**किसी भी तरह के सुझाव या टिप्पणी के लिए हमें ई-मेल करें: epaper@aajtak.com**

---

# ये मर्जर है या मजाक?

**मृगांक शेखर** | आजतक

मुमकिन है तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों को नए रास्ते पर एक ठिकाना मिल गया हो. लेकिन, यह ठिकाना पश्चिम बंगाल में बनाए गए होल्डिंग सेंटर जैसा ही लगता है.
त्रिपुरा की गुमनाम सी, रजिस्टर्ड लेकिन गैर मान्यता प्राप्त पार्टी NCPI (नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया) को कुछ कानूनी पेचीदगियों से बचने के लिए ही इस्तेमाल किया गया है. करीब करीब वैसे ही जैसे कारोबार में शेल कंपनियों की मदद ली जाती है. कुछ शेल कंपनियां तो देर सवेर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों की जद में भी आ जाती हैं - क्या मर्जर का यह मामला भी वैसा ही होने जा रहा है. संविधान और कानून के जानकार टीएमसी सांसदों के NCPI में 'विलय' को गलत बता रहे हैं, और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं. ऐसे सवाल सिर्फ अभिषेक मनु सिंघवी ही नहीं, लोकसभा के महासचिव रह चुके पीडीटी आचार्य की भी वैसी ही राय है. 1985 में लाए गए 'दल-बदल विरोधी कानून' (Anti-Defection Law) में समय समय पर जरूरत के मुताबिक संशोधन भी होते रहे हैं, और 2023 में शिवसेना के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला भी प्रासंगिक है. लेकिन, 2026 की कवायद में जिस तरीके से कानूनी खामियों का इस्तेमाल करने की कोशिश हुई है, अब तो नए प्रावधान भी जरूरी लगने लगे हैं.



---

## इतिहास में आज

**पहली बार किसी महिला ने अंतरिक्ष की यात्रा की**

JUNE 16

**16 जून 1963 को वोस्तोक-6 यान में सवार होकर सोवियत अंतरिक्ष यात्री वेलेंटिना टेरेश्कोवा अंतरिक्ष में जाने वाली पहली महिला बनीं. पृथ्वी के 48 चक्कर और 71 घंटों के बाद वह पृथ्वी पर लौट आईं. उन्होंने उस तारीख तक सभी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा संयुक्त रूप से बिताए गए समय से भी अधिक समय स्पेस में बिताया था.**

आजतक ई-पेपर, आजतक.इन का डिजिटल प्रकाशन है. प्रबंध संपादक (इंडिया टुडे ग्रुप-डिजिटल) पाणिनि आनंद एवं ई-पेपर संपादक संयम श्रीवास्तव.
संपर्क करें: epaper@aajtak.com या इंडिया टुडे मीडियाप्लेक्स, एफसी-8, सेक्टर-16ए, फिल्म सिटी, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201301.

| SENSEX | | NIFTY 50 | | USD TO RUPEE | POUND TO RUPEE | EURO TO RUPEE |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 76,264.33 | +736.38 +0.97% | 23,853.90 | +231.00 +0.98% | ₹94.71 | 127.17 | ₹109.93 |

## गोल्ड फिर 1.50 लाख के पार, चांदी भी चमकी



मुंबई, आजतक

भारतीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक सोमवार को 24 कैरेट वाले 10 ग्राम सोने की कीमत 1 लाख 50 हजार रुपये के पार पहुंच गई, जो बीते कारोबारी दिन शुक्रवार यानी 12 जून की शाम को 147800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी. ibjarates.com पर 15 जून 2026 की सुबह जारी किए गए रेट के मुताबिक 995 शुद्धता वाले यानी 23 कैरेट सोने का रेट 149568 रुपये प्रति 10 ग्राम है, जबकि 916 शुद्धता वाले यानी 22 कैरेट गोल्ड का रेट 137555 रुपये प्रति 10 ग्राम था. वहीं, बीते कारोबारी दिन की तुलना में चांदी की कीमत में भी भारी उछाल आया है.

### पेट्रोल-डीजल, LPG से रुपया तक होगा मजबूत

# डील से बड़े फायदे में भारत!

**अमेरिका-ईरान की बीच शांति समझौते पर बात बन गई है और इसका ऐलान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किया है. मिडिल ईस्ट में ये शांति भारत के लिए कई मायने में राहत भरी है.**

दीपक चतुर्वेदी,आजतक



अमेरिका-ईरान में शांति समझौता हो गया है. (Photo: ITG)

अमेरिका और ईरान में अब जंग थम गई है. डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा ऐलान करते हुए शांति समझौते पर सहमति का ऐलान कर दिया है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट युद्ध के चलते लंबे समय से बंद होर्मुज स्ट्रेट पर अमेरिकी नाकाबंदी हटाने के साथ ही इसे फिर से खोले जाने को मंजूरी दे दी गई है. US-Iran के बीच ये शांति समझौता भारत के लिए कई मायनों में राहत भरा है. आइए जानते हैं इससे भारत और भारतीयों को क्या फायदा है?

बीते 28 फरवरी को पहली बार अमेरिका और इजरायल की ओर से पहली बार ईरान पर हमलों की शुरुआत की गई थी. इसके बाद ईरानी पलटवार ने मिडिल ईस्ट में आग लगा दी और इसकी आंच में दुनिया के कई देश झुलसे. दरअसल, इस जंग के चलते ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया, जो दुनिया की कुल तेल जरूरत का करीब 20 फीसदी पूरा करने के लिए जरूरी है. इसके लेकर तनातनी का सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों पर देखने को मिला.

Crude Oil Price में आए तेज उछाल ने दुनिया के कई देशों में महंगाई का बम फोड़ दिया. खुद अमेरिका में महंगाई दर उछल गई. इसके अलावा पाकिस्तान, ब्रिटेन से लेकर बांग्लादेश और भारत तक में तेल-गैस का भारी संकट देखने को मिला.

### तेल और गैस का संकट कम होगा

कच्चे तेल पर US-Iran Peace Deal का असर दिखने भी लगा है और सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के भाव में अचानक बड़ी गिरावट आई है. Brent Crude Price 5 फीसदी की गिरावट के साथ कम होकर 83 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है. वहीं WTI Crude Price 5.50 फीसदी गिरकर 80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया. मर्बन क्रूड में तो और भी ज्यादा करीब 7 फीसदी की गिरावट आई है और ये कम होकर 77 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गया है. ईरान और होर्मुज भारत समेत आयात पर निर्भर अन्य देशों के लिए आपूर्ति का सबसे बड़ा क्रेंद्र है .




### दलाल स्ट्रीट में धमक

मुंबई में आयोजित एनएसई क्लोजिंग बेल समारोह में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सीईओ आशीष कुमार चौहान और वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल शामिल हुए. यह कार्यक्रम भारतीय शेयर बाजारों में नवगठित चार कंपनियों की लिस्टिंग के अवसर पर आयोजित किया गया. समारोह के दौरान बाजार से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया. (Photo: PTI)

### अमेरिका ने लगा दिया बैन

## चीन चुरा सकता था पावरफुल AI का राज?



बीजिंग, आजतक

अमेरिका ने AI रिसर्च एंड कंपनी एंथ्रोपिक के दो पावरफुल मॉडल पर नए नियम लागू कर दिए हैं. इनके नाम Fable 5 और Mythos 5 हैं. अमेरिकी ने दोनों मॉडल पर निर्यात नियंत्रण निर्देश दिए हैं, जिसके बाद इन दोनों मॉडल का एक्सेस अमेरिका के बाहर और भीतर मौजूद सभी गैर-अमेरिकी नागरिक नहीं कर पाएंगे. रिपोर्ट्स में दावा किया है कि इस फैसले के पीछे कहीं ना कहीं चीन बड़ी वजह है.

### न्यू 'N' सीरीज के साथ नई तैयारी

## वनप्लस भारत में ला रहा सबसे सस्ता फोन

नई दिल्ली, आजतक



OnePlus भारत में कुछ न्यू स्मार्टफोन लॉन्च करने जा रहा है, जिसका नाम वनप्लस एन सीरीज है. कंपनी की यह न्यू एंट्री लेवल की सीरीज है, जिसके हैंडसेट के नाम वनप्लस एन के साथ शुरू होंगे. इस सेगमेंट के तहत कंपनी 20 हजार रुपये से भी कम कीमत वाले स्मार्टफोन लॉन्च करेगी. आइए इसके बारे में डिटेल्स में जानते हैं. One-Plus N सीरीज का मुकाबला भारतीय मोबाइल बाजार में रेडमी, रियलमी, पोको और वीवो के स्मार्टफोन के साथ होगा. वनप्लस की यह नई सीरीज के हैंडसेट को ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजॉन इंडिया से सेल किया जाएगा. Oneplus के ऑफिशियल पोर्टल पर इस हैंडसेट को लेकर एक टीजर जारी किया है, जिसमें कंपनी ने कमिंग सून लिखा है. हालांकि अभी तक किसी ऑफिशियल डेट का ऐलान नहीं किया है और ना ही कोई टाइम लाइन का जिक्र किया है.


### लाइसेंस का झंझट खत्म!

## भारत आएंगी सेल्फ-ड्राइविंग वाली कारें

अश्विन सत्यदेव, आजतक

कई बार कुछ फैसले इतने टेक्निकल और जटिल होते हैं कि उनकी अहमियत तुरंत समझ में नहीं आती. लेकिन कुछ साल बाद वही फैसले आपकी डेली-लाइफ, रुटीन और पूरी इंडस्ट्री की दिशा बदल देते हैं.

ऑटोमोटिव रडार और कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी के लिए लाइसेंस की अनिवार्यता खत्म करने का सरकार फैसला भी ऐसा ही एक कदम माना जा रहा है. पहली नजर में यह सिर्फ नियमों में बदलाव जैसा लगता है, लेकिन वास्तव में यह भारत को सेफ, स्मार्ट और फ्यूचर की सेल्फ-ड्राइविंग मोबिलिटी की ओर ले जाने वाला बड़ा दरवाजा खोल सकता है.



सरकार ने रडार सिस्टम के लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है. (Photo: Freepik)

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सरकार ने 77GHz से 81GHz फ्रीक्वेंसी बैंड पर काम करने वाले ऑटोमोटिव रडार सिस्टम के लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है. इसके अलावा 5.9GHz बैंड पर चलने वाले सिस्टम के लिए भी लाइसेंस की जरूरत खत्म कर दी गई है. यही फ्रीक्वेंसी वाहन और सड़क किनारे लगे इंफ्रास्ट्रक्चर के बीच कम्युनिकेशन के लिए इस्तेमाल होती है. यह फैसला भारत को अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित ऑटोमोबाइल बाजारों के बराबर खड़ा करता है.

### फाइनल की राह मुश्किल

# सुपर ओवर में श्रीलंका से हारी भारतीय टीम

**इंडिया-ए और श्रीलंका-ए के बीच दांबुला में मुकाबला खेला गया. भारतीय टीम इस ट्राई सीरीज में तिलक वर्मा की कप्तानी में खेल रही है. भारतीय टीम में वैभव सूर्यवंशी, ऋतुराज गायकवाड़ और अंशुल कम्बोज जैसे स्टार प्लेयर मौजूद हैं.**



श्रीलंका-A और इंडिया-A के बीच मुकाबला हुआ. (Photo: BCCI)

**दांबुला, आजतक**

इंडिया-ए और श्रीलंका-ए की टीम्स ट्राई सीरीज के चौथे मुकाबले में सोमवार (15 जून) को आमने-सामने हुई. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला दांबुला के रणगिरि दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया.

यह मुकाबला सुपर ओवर में गया, जहां श्रीलंका-ए ने जीत हासिल की. मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका-ए को जीत के लिए 265 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए वो 9 विकेट पर 265 रन बना सकी. सुपर ओवर में श्रीलंका-ए ने 16 रन बनाए थे. यानी इंडिया-ए को जीत के लिए 17 रन चाहिए थे, लेकिन वो गेम फिनिश नहीं कर सका. सुपर ओवर में भारत 10 रन ही बना सका. सूर्यांश शेडगे और वैभव सूर्यवंशी भारत को जीत नहीं दिला पाए. अब भारतीय टीम अपने आखिरी लीग मैच में 17 जून को अफगानिस्तान-ए से भिड़ेगी. तिलक वर्मा की अगुवाई में इंडिया-ए ने अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका-ए को 8 रनों से पराजित किया था. फिर उसे अफगानिस्तान-ए के खिलाफ बारिश से बाधित मुकाबले में डीएलएस नियम के तहत 4 रनों से हार मिली थी. अब श्रीलंका-ए से हार के बाद इंडिया-ए की फाइनल की राह मुश्किल हो गई है.

**ऐसी रही श्रीलंकाई टीम की बैटिंग**

रनचेज में निरोशन डिकवेला और अविष्का फर्नांडो ने श्रीलंका-ए को अच्छी शुरुआत दिलाई. भारत को पहली सफलता अविष्का फर्नांडो (22 रन) के रूप में मिली, जिन्हें निशांत सिंधु ने आउट किया. फिर विशेन हलंबगे (17 रन) को आयुष बदोनी ने एलबीडब्ल्यू आउट किया. डिकवेला (37 रन) अच्छी बैटिंग कर रहे थे, लेकिन वो विप्रज निगम की फिरकी में फंस गए.



**रिंग में घमासान**

वॉशिंगटन स्थित व्हाइट हाउस के साउथ लॉन पर आयोजित UFC फ्रीडम-250 में दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. इल्या टोपुरिया और जस्टिन गेथजे के बीच हुई इस फाइट में दोनों खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया. (Photo: AP)

## फुटबॉल कवरेज



### अमेरिका में उतरी ईरान टीम, अब मैच पर टिकी दुनिया की नजर




**नई दिल्ली:** फुटबॉल कभी-कभी सिर्फ खेल नहीं रहता, वह देशों की उम्मीदों, संघर्षों और इतिहास का आईना बन जाता है. FIFA World Cup 2026 में ईरान की टीम की कहानी भी कुछ ऐसी ही है. महीनों तक राजनीतिक तनाव, सुरक्षा चिंताओं और अनिश्चितताओं से जूझने के बाद आखिरकार 'टीम मेली' अमेरिका पहुंच चुकी है. लेकिन यह सिर्फ एक टीम का आगमन नहीं था, बल्कि उस देश की उम्मीदों का आगमन था, जिसने पिछले कुछ समय में युद्ध और कूटनीतिक संकटों की भारी कीमत चुकाई है.

15 जून को ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम लॉस एंजेलिस पहुंची. दिलचस्प बात यह रही कि टीम के अमेरिका पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद अमेरिका और ईरान के बीच एक ऐतिहासिक शांति समझौते की घोषणा कर दी गई. ऐसे में फुटबॉल और राजनीति की दो समानांतर कहानियां अचानक एक ही मंच पर आ खड़ी हुईं. विश्व कप की तैयारियों के लिए ईरान ने शुरुआत में अमेरिका के एरिजोना में बेस कैंप बनाने की योजना बनाई थी. लेकिन अमेरिका-ईरान संबंधों में बढ़े तनाव और सैन्य घटनाओं के बाद हालात बदल गए. टीम को अपना पूरा कार्यक्रम बदलना पड़ा और उसने पड़ोसी देश मेक्सिको को अपना ठिकाना बनाया. टिजुआना में कई सप्ताह बिताने के बाद टीम एक छोटी उड़ान के जरिए लॉस एंजेलिस पहुंची.

### गोल दागा, पर जश्न नहीं मनाया... चर्चा में स्वीडन का स्टार फुटबॉलर

**ग्वाडालूप:** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की. 15 जून (सोमवार) को ग्वाडालूप के एस्टाडियो बीबीवीए में आयोजित इस मैच में सबसे ज्यादा चर्चा युवा मिडफील्डर यासिन अयारी के गोल और उसके बाद उनके रिएक्शन की हुई. अयारी ने टूर्नामेंट के सबसे खूबसूरत गोलों में से एक दागा, लेकिन गोल करने के बाद जश्न मनाने की बजाय उन्होंने ट्यूनीशिया के प्रशंसकों से माफी मांगते हुए दोनों हाथ उठा दिए.

22 वर्षीय यासिन अयारी ने मैच के सातवें मिनट में करीब 20 गज की दूरी से शानदार शॉट लगाकर स्वीडन को बढ़त दिलाई. ट्यूनीशियाई डिफेंडरों की खराब क्लियरेंस का फायदा उठाते हुए उन्होंने गेंद को सीधे गोलपोस्ट में पहुंचा दिया. यह गोल इतना शानदार था कि इसे मौजूदा टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गोलों में गिना जा रहा है.हालांकि गोल के बाद यासिन अयारी ने खुशी का इजहार नहीं किया. इसके पीछे एक खास वजह है. अयारी का जन्म स्वीडन में हुआ था, लेकिन उनके पिता ट्यूनीशिया और मां मोरक्को से हैं. ऐसे में उनका ट्यूनीशिया से गहरा पारिवारिक रिश्ता है.

### न्यूजीलैंड के खिलाफ रॉबिन्सन दूसरे टेस्ट से बाहर

# दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड को लगा झटका

**लंदन, आजतक**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले बड़ा झटका लगा है. तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन दाएं घुटने में दर्द (सोरनेस) के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं.

यह खबर इंग्लैंड के लिए काफी निराशाजनक है, क्योंकि रॉबिन्सन ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी की थी. 32 वर्षीय रॉबिन्सन ने लॉर्ड्स में खेले गए पहले टेस्ट में दो साल से अधिक समय बाद इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी की थी. उन्होंने वापसी मैच को यादगार बनाते हुए कुल 7 विकेट चटकाए थे. मैच के शुरुआती ओवर में ही तीन विकेट लेकर उन्होंने न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी थी. उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 115 रन से जीता था और रॉबिन्सन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था. हालांकि, दूसरे टेस्ट से पहले आई चोट ने उनकी वापसी की रफ्तार पर फिर से ब्रेक लगा दिया है. इससे एक बार फिर उनकी फिटनेस को लेकर सवाल उठने लगे हैं.



ओली रॉबिन्सन चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं. (Photo: Reuters)

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने पुष्टि की है कि रॉबिन्सन टीम के साथ बने रहेंगे और अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे. टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वह 25 जून से ट्रेंट ब्रिज में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट तक फिट हो सकते हैं. इंग्लैंड की मुश्किलें सिर्फ रॉबिन्सन तक सीमित नहीं हैं.

### दुश्मन टीम में वैभव सूर्यवंशी का खौफ!

**दांबुला, आजतक**

आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2026 में गेंदबाजों के होश उड़ाने वाले वैभव सूर्यवंशी का जादू अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रह गया है. महज 15 साल की उम्र में क्रिकेट जगत में सनसनी मचा चुके इस युवा बल्लेबाज को रोकने के लिए अब विरोधी टीमें अलग से रणनीति बनाने लगी हैं.

सोमवार (15 जून) को दांबुला के रणगिरि दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले ने इसका ताजा उदाहरण पेश किया, जहां मेजबान टीम पूरी तैयारी के साथ वैभव का विकेट लेने उतरी थी.

### 4 राशियों का बढ़ेगा बैंक बैलेंस!

# आज सूर्य के नक्षत्र में प्रवेश करेंगे मंगल

**साहस और पराक्रम के कारक मंगल देव 16 जून को सूर्य के स्वामित्व वाले कृत्तिका नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं. मंगल का यह नक्षत्र परिवर्तन कुछ विशेष राशियों के लिए बेहद शुभ और धन लाभ कराने वाला साबित होगा.**



**मंगल** का कृत्तिका नक्षत्र में गोचर (16 जून 2026) ज्योतिष शास्त्र के लिहाज से एक बेहद प्रभावशाली और ऊर्जावान घटना माना जा रहा है. मंगल देव को साहस, पराक्रम, भूमि और ऊर्जा का कारक माना जाता है, जबकि कृत्तिका नक्षत्र के स्वामी स्वयं सूर्य देव हैं. सूर्य और मंगल आपस में परम मित्र हैं. अग्नि तत्व के ग्रह मंगल का अग्नि तत्व के ही नक्षत्र (कृत्तिका) में आना कई राशियों के जीवन में तरक्की की नई राहें खोलेगा. विशेष रूप से यह गोचर साहस, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक कार्यों से जुड़े लोगों को शानदार सफलता देगा. आइए जानते हैं कि 16 जून से मंगल के इस नक्षत्र परिवर्तन से किन राशियों के शुरू होने वाले हैं अच्छे दिन और किसे मिलेगा बंपर लाभ.

**मेष राशि:** मेष राशि के स्वामी स्वयं मंगल देव हैं. कृत्तिका नक्षत्र में मंगल का आना आपके आत्मविश्वास को सातवें आसमान पर ले जाएगा. कार्यक्षेत्र में आपके काम की तारीफ होगी. यदि कोई सरकारी काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह इस दौरान पूरा हो सकता है. व्यापार में साहसिक फैसले लेने से बड़ा धन लाभ होगा.

**सिंह राशि:** सिंह राशि के स्वामी सूर्य देव हैं, जिनके नक्षत्र में मंगल प्रवेश कर रहे हैं. आपके लिए यह गोचर किसी वरदान से कम नहीं है. समाज में आपका मान-सम्मान और पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी. नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या नई नौकरी के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं. पैतृक संपत्ति से लाभ होने के योग बन रहे हैं.

**वृश्चिक राशि:** मंगल आपकी राशि के भी स्वामी हैं. कृत्तिका नक्षत्र में आकर मंगल आपको हर विपरीत परिस्थिति से बाहर निकालेंगे. कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय मिल सकती है.

### किस राशि पर क्या असर पड़ेगा?

# सूर्यदेव करेंगे मिथुन राशि में प्रवेश




वैदिक ज्योतिष में सूर्य को आत्मा, आत्मविश्वास, पिता, सरकारी कार्य और प्रतिष्ठा का कारक माना जाता है. आज (15 जून 2026) को दोपहर के समय सूर्य वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे और 16 जुलाई 2026 तक यहीं स्थित रहेंगे. सूर्य का यह गोचर सभी 12 राशियों के जीवन में अलग-अलग बदलाव लेकर आएगा. आइए पंडित प्रवीण मिश्र से जानते हैं कि सूर्य गोचक का सभी राशियों पर क्या असर होगा और किन उपायों से आप शुभ फल बढ़ा सकते हैं.

मेष राशि: मेष राशि से तीसरे भाव में सूर्य का गोचर होगा. यह भाव साहस, पराक्रम और कम्युनिकेशन से जुड़ा होता है. इस दौरान आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यक्षेत्र में तेजी से प्रगति करेंगे. भाई-बहनों और मित्रों से संबंध बेहतर होंगे. रुके हुए काम पूरे होंगे और यात्राओं के योग बनेंगे.

ध्यान रखें: नकारात्मक विचारों से दूर रहें.

### 4 राशियों के आएंगे बढ़िया दिन

# निर्जला एकादशी पर बनेगा नवपंचम राजयोग का संयोग!



इस बार निर्जला एकादशी 25 जून को मनाई जाएगी. इस एकादशी के दिन भगवान विष्णु की उपासना की जाती है. ज्योतिषियों के मुताबिक, शनि-शुक्र मिलकर नवपंचम राजयोग का निर्माण करेंगे. दरअसल, निर्जला एकादशी पर शनि-शुक्र एक-दूसरे से 120 डिग्री की दूरी पर विराजमान होंगे, जिससे नवपंचम राजयोग का निर्माण होगा. ज्योतिष शास्त्र में शनि और शुक्र दोनों परम मित्र हैं, इसलिए 25 जून 2026 को बनने वाला यह राजयोग आर्थिक, पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में बेहद शुभ परिणाम लेकर आएगा. ज्योतिष शास्त्र में नवपंचम राजयोग को बेहद शुभ और शक्तिशाली योगों में से एक माना गया है. यह एक त्रिकोणीय संबंध है, जो दो ग्रहों के बीच एक विशेष दूरी बनने पर निर्मित होता है. जब शनि और शुक्र एक-दूसरे से पांचवें और नौवें भाव में स्थित होते हैं, तो उनके बीच नवपंचम योग बनता है. यानी आसान शब्दों में जब इन दोनों ग्रह के बीच 120 डिग्री का कोण बनता है, तब इस शुभ योग का निर्माण होता है. इस राजयोग से मुख्य रूप से लाभान्वित होने वाली हैं.

**वृषभ**

**करियर में उछाल:** शनि और शुक्र की शुभ स्थिति से आपके कार्यक्षेत्र में बड़ी तरक्की के योग हैं. लंबे समय से अटके हुए काम गति पकड़ेंगे.

### क्या कहता है स्वप्न शास्त्र

# सपने में खुद की शादी देखना शुभ या अशुभ?



**कहा** जाता है कि सपनों पर किसी का बस नहीं होता है. नींद में हम एक अलग ही दुनिया में पहुंच जाते हैं. अक्सर लोग सोचते हैं कि सपनों का कोई मतलब नहीं होता, लेकिन सच यह है कि हर सपना अपने साथ कोई न कोई संकेत जरूर लेकर आता है. आज हम बात करेंगे ऐसे ही एक खास सपने के बारे में यानी सपने में शादी देखना.

यह सपना सुनने में भले ही सामान्य लगे, लेकिन इसके कई गहरे और अलग-अलग अर्थ हो सकते हैं. तो आइए पंडित श्रीपति त्रिपाठी जी से जानते हैं. अगर कोई लड़की सपने में अपने प्रेमी को किसी दूसरी लड़की से शादी करते हुए देखती है, तो इसे शुभ माना जाता है. इसका संकेत होता है कि उसका विवाह जल्द हो सकता है, हालांकि यह जरूरी नहीं कि शादी उसी व्यक्ति से हो.

यदि कोई महिला खुद को शादी के जोड़े में देखती है, तो यह बहुत अच्छा संकेत माना जाता है. इसका मतलब है कि उसकी कोई बड़ी इच्छा जल्द पूरी होने वाली है या जिस काम में वह मेहनत कर रही है, उसमें सफलता मिल सकती है. वहीं, अगर सपने में दुल्हन को रोते हुए या विदाई के समय देखा जाए, तो यह अशुभ संकेत होता है. इसका मतलब हो सकता है कि आपके चल रहे काम में नुकसान या परेशानी आ सकती है. ऐसे में आपको अपने फैसलों पर दोबारा सोचने की जरूरत है.

## आज का राशिफल

**मेष**
मेष राशि के जातक आज अपने वाणिज्यिक कार्यों पर विशेष जोर बनाए रखेंगे.

**वृषभ**
वृष राशि वाले जातकों के धनधान्य में अच्छी वृद्धि की संभावना बनी रहेगी.

**मिथुन**
मिथुन राशि के जातकों की अपने साज-सवार और रहन-सहन में रुचि बनी रहेगी.

**कर्क**
कर्क राशि के जातक अपनी सूझबूझ से कार्य व्यापार को आगे बढ़ाएं.

**सिंह**
सिंह राशि के जातक अपने पेशेवर और कारोबारी हितों के संरक्षण में हमेशा आगे रहेंगे.

**कन्या**
कन्या राशि के जातक अपने करियर और व्यापार को गति देने में सबसे आगे होंगे.

**तुला**
तुला राशि वाले जातकों के लिए सफलता की अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं.

**वृश्चिक**
वृश्चिक राशि के जातकों को सेहत के मामलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी.

**धनु**
धनु राशि के जातकों के उद्योग में आज अच्छे उछाल के संकेत हैं.

**मकर**
मकर राशि नियम और व्यवस्था को अच्छी तरह बनाए रखें.

**कुंभ**
कुंभ राशि के जातक आज अपने मित्रों के साथ मिलकर अपनी खुशियां बांटेंगे.

**मीन**
मीन राशि के जातक अपनी कोई भी जरूरी बात कहने में पूरी सहजता बनाए रखेंगे.

## आज का पंचांग

विक्रम संवत: 2083 (कालयुक्त)
शक संवत: 1948

**मास:** आषाढ़ (शुक्ल पक्ष)
**तिथि:** शुक्ल प्रतिपदा (लगभग सायं 07:55 PM तक)
**नक्षत्र:** मृगशिरा (लगभग प्रातः 09:05 AM तक)
**योग:** सुकर्म योग (लगभग प्रातः 08:50 AM तक)

**अशुभ काल / मुहूर्त**
**राहुकाल:** लगभग 03:00 PM – 04:30 PM
**यमगण्ड काल:** लगभग 09:00 AM – 10:30 AM
**गुलिक काल:** लगभग 12:00 PM – 01:30 PM

### खेतों का नया रखवाला

# 'डिजिटल आंख' बनकर फसलों पर नजर रख रहे ड्रोन



**जेपी सिंह, किसान तक**

आज के दौर में जब आबादी बढ़ रही है और मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है, ऐसे में पारंपरिक खेती में किसानों को कई बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. मजदूरों की भारी किल्लत और बढ़ती लागत ने खेती को थोड़ा मुश्किल बना दिया है.

इन तमाम परेशानियों का एक शानदार और आधुनिक हल बनकर उभरा है—कृषि ड्रोन। ड्रोन एक ऐसा उड़ने वाला रोबोट या उपकरण है, जिसे रिमोट कंट्रोल या कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की मदद से आसमान में उड़ाया जाता है. इसमें बेहतरीन कैमरे, जीपीएस और खास सेंसर लगे होते हैं, जो सीधे आसमान से पूरे खेत की पल-पल की जानकारी इकट्ठा करते हैं.

यह तकनीक हमारी पुरानी खेती के तौर-तरीकों को बदलकर उसे बेहद स्मार्ट और डिजिटल बना रही है.

**बदल रहा खेती का अंदाज़:** ग्रामीण इलाकों से मजदूरों का लगातार पलायन हो रहा है, जिससे सही समय पर खेती के कामों के लिए मजदूर मिलना बहुत मुश्किल हो गया है. कृषि विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे माहौल में ड्रोन तकनीक किसानों के लिए एक उम्मीद की किरणसाबित हो रही है. जहां एक एकड़ खेत में हाथ से दवा छिड़कने में घंटों लग जाते थे, वहीं एक आधुनिक कृषि ड्रोन सिर्फ 10 से 15 मिनट में पूरे एक एकड़ क्षेत्र में छिड़काव कर देता है. सबसे बड़ी बात यह है कि इससे किसानों की लेबर कॉस्ट में लगभग 70 से 80 प्रतिशत तक की भारी कमी आती है. इस तरह किसानों का कीमती समय भी बचता है और उनका काम भी बेहद तेज और व्यवस्थित ढंग से पूरा हो जाता है.

**कीटनाशकों का सटीक छिड़काव:** कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक पारंपरिक तरीकों से जब खेतों में कीटनाशक या खाद छिड़की जाती थी, तो बहुत सारा केमिकल बर्बाद हो जाता था और वह जमीन या पौधों पर बराबर मात्रा में नहीं गिरता था. इसके साथ ही, केमिकल के सीधे संपर्क में आने से मजदूरों की सेहत पर भी बहुत बुरा और जहरीला असर पड़ता था. लेकिन ड्रोन के इस्तेमाल से अब केमिकल और सूक्ष्म पोषक तत्वों का बिल्कुल सटीक और नियंत्रित छिड़काव मुमकिन हो गया है. पूरे खेत में एक समान दवा गिरने से फसलों की सेहत अच्छी रहती है, केमिकल की बर्बादी रुकती है और पर्यावरण का भी पूरा संरक्षण होता है.

### सर्टिफिकेशन के कड़े नियम बने बड़ी बाधा

# दुनिया में अव्वल फिर भी कॉटन किसान परेशान

**भारत वैश्विक ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन में नंबर वन है, लेकिन लंबी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया, कम उत्पादकता (508 किलो/हेक्टेयर) और प्रीमियम दाम न मिलने से किसान संकट में हैं. बेहतर बीज और आसान प्रक्रियाओं से ही इस क्षेत्र का सुधार संभव है.**



**रवि कांत सिंह, किसान तक**

भारत ऑर्गेनिक कॉटन की खेती में पूरी दुनिया में नंबर वन है. इसके बावजूद इसे उगाने वाले किसानों की हालत दयनीय है. इसके कई कारण हैं. सबसे बड़ा कारण ऑर्गेनिक खेती के सर्टिफिकेशन में देरी है.

किसान को कॉटन की ऑर्गेनिक खेती का सर्टिफिकेट तीन से पांच साल बाद ही मिल पाता है. यह सर्टिफिकेट सरकारी या प्राइवेट एजेंसियां देती हैं जिसके लिए किसानों को लंबा इंतजार करना होता है. इसके लिए दो बार फील्ड ट्रायल होता है-पहली बार खेत की तैयारी का जायजा तो दूसरी बार फसल आने पर उसकी मॉनिटरिंग की जाती है. यह प्रक्रिया लंबा समय मांगती है जिससे ऑर्गेनिक फार्मिंग के सर्टिफिकेशन में देरी होती है. रिपोर्ट्स में खुलासा हुआ है कि किसान अनजाने में या जागरूकता की कमी से, कई बार ऑर्गेनिक खेती की मुश्किल शर्तों को भूल जाते हैं या उसे ठीक से फॉलो नहीं कर पाते. कई बार किसान मिट्टी में या फसल पर केमिकल खाद और पेस्टिसाइड्स का छिड़काव कर देते हैं. इससे ऑर्गेनिक फार्मिंग की शर्तें टूट जाती हैं और किसान को ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन नहीं मिल पाता.

#### ऑर्गेनिक कॉटन का भविष्य

**2000 के दशक की शुरुआत से ही भारत के कॉटन बीज बाजार पर BT कॉटन बीजों का दबदबा रहा है. नॉन-BT कॉटन बीजों की तुलना में BT कॉटन बीज महंगे होते हैं और इनके उत्पादन में भी अधिक लागत आती है. साथ ही ऑर्गेनिक खाद और बायो-पेस्टिसाइड्स की पर्याप्त उपलब्धता भी एक बड़ी चुनौती है. दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत की ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादकता काफी कम है.**



### पशुपालक को 12 लाख रुपये का नुकसान

# जहरीले पौधे खाने से 70 भेड़ों की मौत

**धनंजय साबले, किसान तक**

महाराष्ट्र के अकोला जिले के पातुर तालुका स्थित तांदली शिवार में एक दर्दनाक घटना सामने आई है.

यहां जहरीली वनस्पति खाने से करीब 70 भेड़ों की मौत हो गई, जिससे बुलढाणा जिले के लाखनवाडा गांव निवासी भेडपालक महादेव शिंगाडे को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है. इस घटना के बाद पशुपालक परिवार पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है. जानकारी के मुताबिक, महादेव शिंगाडे अपने करीब 150 भेड़ों के झुंड को चराने के लिए तांदली शिवार लेकर गए थे. इसी दौरान भेड़ों ने खेत में उगी किसी जहरीली वनस्पति के कोंब (नए अंकुर) खा लिए. कुछ ही समय बाद भेड़ों की हालत बिगड़ने लगी और देखते ही देखते एक-एक कर करीब 70 भेड़ों की मौत हो गई.

इस हादसे के बाद बचे हुए भेड़ों की हालत भी गंभीर बताई जा रही है, जिससे और नुकसान की आशंका जताई जा रही है. प्राथमिक जानकारी में यह सामने आया है कि निशिगंधा जैसी किसी जहरीली वनस्पति के सेवन से यह घटना हुई हो सकती है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी. घटना की जानकारी मिलते ही पशुवैद्यकीय विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम किया गया.

### 18 जून की तारीख पर सस्पेंस बरकरार

# PM किसान की 23वीं किस्त कब आएगी?




**नई दिल्ली, किसान तक**

पूरे देश में किसान PM किसान सम्मान निधि योजना के तहत अगली पेमेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

सोशल मीडिया पर चल रही हालिया खबरों से पता चलता है कि इस योजना की 23वीं किस्त जल्द ही जारी की जा सकती है, जिससे पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे 2,000 रुपये आएंगे. हालांकि इन खबरों से किसानों में खुशी तो बढ़ी है, लेकिन सरकार ने अभी तक किस्त जारी होने की तारीख के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है. यहां किसानों के लिए संभावित किस्त, पात्रता की जांच और आवेदन प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी दी गई है. ऑनलाइन शेयर की जा रही खबरों के अनुसार, PM किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त 18 जून को जारी होने की उम्मीद है. हालांकि, केंद्र सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. यह अटकलें 2024 की एक ऐसी ही घटना से शुरु हुई हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 जून को योजना की 17वीं किस्त जारी की थी.

INDIA TODAY GROUP
खेत-खलिहान
ग्रामीण हिन्दुस्तान
हमारी मिट्टी, हमारा पानी
फसल और किसान
किसान Tak
www.kisantak.in
ग्रामीण भारत का सबसे विश्वसनीय पता

### यमन के 'स्पाइडर-मैन' की मौत, ज्वालामुखी क्रेटर पर चढ़ते समय हादसा

# खतरनाक शौक का दर्दनाक अंत

**खतरनाक पहाड़ों और ज्वालामुखियों पर बिना किसी सेफ्टी रस्सी के चढ़ने वाले यमन के मशहूर एडवेंचर क्रिएटर अल-काका बिन अंतर की दर्दनाक मौत हो गई. हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है और लाखों लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं.**



**सोशल** मीडिया पर 'यमन के स्पाइडर-मैन' के नाम से मशहूर एडवेंचर क्रिएटर अल-काका बिन अंतरअब इस दुनिया में नहीं रहे. 30 साल के कंटेंट क्रिएटर की उस समय मौत हो गई, जब वह बिना किसी सेफ्टी रस्सी के ज्वालामुखी के विशाल क्रेटर पर चढ़ाई कर रहे थे. गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, हादसा यमन के अल धाले प्रांत स्थित हराधत दम्त ज्वालामुखी क्रेटर में हुआ. बताया जा रहा है कि चढ़ाई के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह करीब 120 मीटर गहरे क्रेटर में गिर गए. अल-काका बिन अंतर सोशल मीडिया पर अपने खतरनाक एडवेंचर वीडियो के लिए जाने जाते थे. वह अक्सर बिना रस्सी, हार्नेस या किसी सुरक्षा उपकरण के ऊंचे पहाड़ों, चट्टानों और ज्वालामुखियों पर चढ़ते थे.उनके वीडियो को लाखों लोग देखते थे. इसी वजह से उन्हें 'स्पाइडर-मैन ऑफ यमन' का नाम मिला था. स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, हादसे के बाद सिविल डिफेंस की टीमों ने तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया.हालांकि दुर्गम रास्तों, खड़ी चट्टानों और क्रेटर के भीतर मुश्किल हालात के कारण बचाव अभियान आसान नहीं था. करीब 24 घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने उनका शव बाहर निकाला. सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिन्हें उनके आखिरी पलों का बताया जा रहा है. हालांकि अधिकारियों ने इन वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है.

#### एडवेंचर के साथ सुरक्षा भी जरूरी

**यह घटना एक बार फिर बताती है कि बिना सुरक्षा उपकरणों के किसी भी जोखिम भरे एडवेंचर में हिस्सा लेना जानलेवा साबित हो सकता है.विशेषज्ञ भी सलाह देते हैं कि पर्वतारोहण, रॉक क्लाइम्बिंग या ज्वालामुखी जैसी जगहों पर हमेशा हेलमेट, हार्नेस और अन्य सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करना चाहिए.**



## दुबई में 2 साल बाद वापस मिले 18 हजार रुपये

कई बार सोशल मीडिया पर ऐसी कहानियां सामने आती हैं, जो इंसानियत पर भरोसा और मजबूत कर देती हैं.

दुबई में रहने वाली भारतीय महिला मल्लिका बूबना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ. एक छोटी-सी गलती के बाद उन्हें लगा कि मामला वहीं खत्म हो गया, लेकिन दो साल बाद आए एक मैसेज ने उन्हें ही नहीं, बल्कि लाखों लोगों को हैरान कर दिया. यही वजह है कि उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

## आज की तस्वीर



**G7 से पहले बवाल**

आगामी G7 शिखर सम्मेलन के विरोध में जिनेवा में प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और दंगा-रोधी पुलिस के बीच तनावपूर्ण स्थिति देखने को मिली. झड़प के बीच प्रदर्शनकारियों द्वारा आतिशबाजी किए जाने पर पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा के लिए ढालों का सहारा लिया. विरोध प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई. (Photo: Reuters)

### अंग्रेजी में आवाज लगाकर बेच रहा सब्जी

# इंडियन ने कनाडा में भी लगा लिया ठेला

सोशल मीडिया पर आए दिन तरह- तरह के वीडियो और रील वायरल होते रहते हैं. इन सबके के बीच कुछ ऐसा दिख जाता है, जिस पर यकायक लोगों की नजरे थम जाती है. कुछ ऐसा ही इस वायरल वीडियो के साथ भी है, जिस पर यहां बात हो रही है. इस वीडियो में एक शख्स कनाडा की सड़कों पर ठेले पर सब्जी बेचता दिखाई दे रहा है. भारत की गलियों में सब्जी बेचने वाली स्टाइल में ही वो आवाज लगा- लगाकर वह सब्जी बेचता दिखाई दिया. फर्क सिर्फ इतना था कि वह अंग्रेजी में आवाज लगा रहा था. इस वीडियो को जो भी देखा रहा है, एकबारगी उसकी नजर वहीं जम जा रही है. क्योंकि विदेशों में ऐसे नजारे कम देखने को मिलते हैं. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम



पर @mannabanwait नाम के हैंडल से एक वीडियो शेयर किया गया है. इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है - कनाडा में सब्जी बेचना शुरू किया, जैसे कि ये पंजाब हो. वीडियो में काले रंग की हुडी और उसी कलर का पैंट और जूता पहने एक शख्स हाथ से तीन पहियों वाले ठेले पर अलग-अलग सब्जियां लेकर आवाज लगा-लगाकर उसे बेचता दिखाई दिया.

### वीडियो ने भारत की शहरी व्यवस्था पर उठाए सवाल

# शिकागो में तूफान के बाद न थमी रफ्तार, न कटी बिजली

अमेरिका के शिकागो में रहने वाले भारतीय सेना के पूर्व सैनिक यशपाल सिंह मोर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसने सोशल मीडिया पर शहरी व्यवस्थाओं को लेकर नई बहस छेड़ दी है. वीडियो में यशपाल रात करीब 8 बजे शिकागो की सड़कें दिखाते हुए कहते हैं कि कुछ घंटे पहले यहां तेज तूफान और भारी बारिश हुई थी, लेकिन शहर की रफ्तार पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा.उनके मुताबिक, न बिजली गई, न इंटरनेट बंद हुआ, कहीं पानी नहीं भरा, फुटपाथ नहीं टूटे और ट्रैफिक भी बिना किसी जाम के सामान्य रूप से चलता रहा. वीडियो में यशपाल कहते हैं कि इन लोगों के लिए एडवेंचर का



मतलब साइकिल चलाना, रनिंग करना, जिम जाना, आयरनमैन में हिस्सा लेना या स्विमिंग करना है. यहां बारिश और तूफान लोगों के लिए एडवेंचर नहीं बनते.उन्होंने सड़क पर सामान्य रूप से चल रहे ट्रैफिक को दिखाते हुए कहा कि मौसम खराब होने के बावजूद लोगों की दिनचर्या नहीं रुकी.

### जापानी फुटबॉल प्रशंसकों के वीडियो ने सिखाया जिम्मेदारी का पाठ

# रेड लाइट पर जश्न, ग्रीन होते ही सड़क खाली

**फुटबॉल** वर्ल्ड कप 2026 में जापान और नीदरलैंड्स के बीच 2-2 के रोमांचक ड्रॉ के बाद टोक्यो की मशहूर शिबुया क्रॉसिंग पर हजारों फुटबॉल प्रशंसक जश्न मनाने पहुंचे. हाथों में झंडे, नारों की गूंज और बारिश के बीच उत्साह का माहौल था. लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लोगों का जश्न नहीं, बल्कि उनका अनुशासन चर्चा का विषय बन गया. वीडियो में देखा जा सकता है कि रेड सिग्नल के दौरान हजारों लोग सड़क पर खड़े होकर अपनी टीम की हौसलाअफजाई कर रहे हैं. कोई झंडा लहरा रहा है तो कोई नारे लगा रहा है. लेकिन जैसे ही ट्रैफिक सिग्नल हरा होता है, पूरा हुजूम बिना किसी हंगामे के कुछ ही सेकंड में सड़क खाली कर देता





है. देखते ही देखते गाड़ियां सामान्य रूप से चलने लगती हैं और शिबुया क्रॉसिंग फिर से अपनी रोजमर्रा की रफ्तार में लौट आती है. यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. लोग जापानी प्रशंसकों की जमकर तारीफ कर रहे हैं.एक यूजर ने लिखा कि इसे ही नागरिक जिम्मेदारी कहते हैं.दूसरे ने कहा कि जश्न मनाइए, लेकिन दूसरों की परेशानी की कीमत पर नहीं. कई लोगों ने लिखा कि नियमों का पालन करना और उत्सव मनाना, दोनों साथ-साथ चल सकते हैं और जापान ने एक बार फिर यह साबित कर दिया. यह जश्न जापान के फीफा वर्ल्ड कप 2026 के पहले मुकाबले के बाद मनाया गया. टेक्सास में खेले गए मैच में जापान दो बार पिछड़ने के बावजूद हार नहीं माना.टीम ने 89वें मिनट में गोल कर 2-2 की बराबरी हासिल की और शानदार वापसी करते हुए एक महत्वपूर्ण अंक अपने नाम किया.

### ईरान को अरबों डॉलर, अमेरिका को न्यूक्लियर गारंटी, 14 शर्तों में छिपा पूरा गणित

# पीस डील में किसका कितना फायदा?

**अमेरिका और ईरान में जंग थम गई है. ट्रंप ने बड़ा ऐलान करते हुए शांति समझौते पर सहमति का ऐलान कर दिया है. उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट युद्ध के चलते लंबे समय से बंद होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी हटाने के साथ ही इसे फिर से खोला जाएगा.**

वॉशिंगटन, आजतक



अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर हुआ. (File Photo: ITG)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि इस शुक्रवार को ईरान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे. तेहरान ने भी इस ऐलान की पुष्टि करते हुए कहा कि युद्ध को सोमवार को खत्म घोषित कर दिया जाएगा. यह युद्ध 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद शुरू हुआ था.

वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस डील का ऐलान सबसे पहले किया. इसके कुछ वक्त बाद ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में इस खबर की पुष्टि करते हुए लिखा कि "इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ डील अब पूरी हो गई है. इससे पहले ट्रंप ने 'द वॉशिंगटन पोस्ट' को बताया था कि वे जल्द ही अमेरिका-ईरान समझौते की घोषणा करने की योजना बना रहे हैं. बता दें कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता ज्ञापन पर सहमति बनाने की कोशिशों में शामिल कतर का एक डेलिगेशन कूटनीतिक बातचीत के बाद तेहरान से रवाना हो गया है. अल जजीरा के ओसामा बिन जावेद के मुताबिक, दोहा लौटने से पहले डेलिगेशन ने समझौते को अंतिम रूप देने में मदद के लिए ईरान की राजधानी में बातचीत में करीब 17 घंटे बिताए. यूएस-ईरान के बीच 14 शर्तों पर डील हुई है. ऐसे में ये जानना जरूरी है कि किसके पक्ष में क्या रहेगा. इसमें दोनों पक्षों के लिए जो शर्तें फायदेमंद हैं, उनमें होर्मुज स्ट्रेट फिर से खोला जाना. बातचीत के दौरान नई पाबंदियां या सैन्य विस्तार न होना शामिल हैं.

#### ईरान के पक्ष में क्या?

तेल और पेट्रोकेमिकल्स पर प्रतिबंध हटेगा. वित्तीय संसाधनों तक पहुंच बहाल की जाएगी. 24 अरब डॉलर के फ्रीज फंड जारी किया जाएगा. पुनर्निर्माण के लिए 300 अरब डॉलर की योजनाएं. लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सीजफायर. ईरान की संप्रभुता का सम्मान. नौसैनिक नाकेबंदी हटाई जाएगी.

#### अमेरिका को क्या फायदा?

ईरान परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा. निगरानी तंत्र और यूएन सिक्योरियी काउंसिल की मंजूरी. 60 दिन की बातचीत के दौरान परमाणु समझौते पर बात आगे बढ़ी.



## ब्रिटेन में 16 साल से छोटे बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन

लंदन, आजतक

ब्रिटेन में 16 साल से छोटे बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन होने जा रहा है. प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने इसे लेकर ऐलान किया है. उन्होंने बताया है कि ब्रिटेन अपने इस फैसले की मदद से बच्चों पर सोशल मीडिया की वजह से पड़ने वाले निगेटिव असर को खत्म करना चाहता है. बीते साल ऑस्ट्रेलिया ने टीनएजर्स और बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बैन किया था. फिर उसके बाद यूरोप समेत कई देशों ने इस फैसले की तारीफ की थी. हाल ही में कनाडा ने भी ऐलान किया था कि वह सोशल मीडिया के लिए नियम बदलने जा रहा है.

### ईरान-US डील का इजरायल ने किया कबाड़ा?

# लेबनान पर नेतन्याहू की सेना ने किए ताबड़तोड़ हमले

तेल अवीव, आजतक

ईरान-अमेरिका डील को फाइनल हुए 24 घंटा भी नहीं गुजरा है कि इजरायल ने लेबनान पर फिर से हमला कर दिया है. ईरान की न्यूज एजेंसी IRIB ने लेबनान के अपने सूत्रों के हवाले से दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई और आर्टिलरी हमलों की रिपोर्ट दी है.

IRIB का दावा है कि इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के जवतार, मरकबा और खियाम शहर पर हमला किया है. बताया जा रहा है कि इजरायल ने हवाई हमले और आर्टिलरी शेलिंग दोनों किए हैं. हालांकि इजरायल के ताजा हमलों में किसी के हताहत होने की तुरंत कोई जानकारी नहीं मिली है. सीजफायर बनाए रखने की



डिप्लोमैटिक कोशिशों के बावजूद इज़रायल-लेबनान बॉर्डर पर ये हमले हुए हैं. लोकल अधिकारी और लेबनानी मीडिया हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं. इस बीच दक्षिणी लेबनान के अधिकारियों ने इजरायल और हिज़्बुल्लाह के बीच तीन महीने से चल रही लड़ाई से बेघर हुए लोगों को चेतावनी दी है कि वे जल्दबाज़ी में घर न लौटें.



## रूसी हमले में कीव कैथेड्रल धधका

रूस के हमले के बाद यूक्रेन की राजधानी कीव में स्थित ऐतिहासिक कीव पेचेर्स्क लाव्रा परिसर के डॉर्मिशन कैथेड्रल में आग लग गई. घटना के बाद बचावकर्मी और दमकल दल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गए. लगभग एक हजार वर्ष पुराने इस धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर स्थल को हुए नुकसान को लेकर चिंता बढ़ गई है. अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे हैं. (Photo: AP)

### ईरान डील पर बोले इजरायली रक्षा मंत्री

# हम कब्जे की जमीन को खाली नहीं करेंगे

तेल अवीव, आजतक

अमेरिका ईरान डील पर इजरायल की प्रतिक्रिया युद्ध को लेकर अच्छे संकेत नहीं दी रही है. इजरायल के रक्षा मंत्री ने सोमवार को कहा कि इजरायल लेबनान से कब्जा किया गया जमीन वापस नहीं करेगा. उन्होंने कहा कि जब तक ईरान और अमेरिका के बीच अंतरिम समझौता लंबित है, तब तक इजरायल लेबनान में कब्ज़े वाली ज़मीन से पीछे नहीं हटेगा. इजरायल ने यह भी कहा है कि वो कोई बनाना रिपब्लिक (कमजोर



या पिछड़ा देश) नहीं है और ट्रंप का ये समझौता हमें बाध्य नहीं करता है. अंतरिम समझौते की घोषणा के बाद इज़रायल की ओर से इज़राइल काट्ज़ की ये पहली आधिकारिक टिप्पणी थी.

### जहाजों का निकलना आसान नहीं

# होर्मुज में बिछी बारूदी सुरंगों को कौन हटाएगा?

ऋचीक मिश्रा, आजतक

अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु सामग्री को सौंपने और तनाव कम करने को लेकर एक संभावित डील की खबरें तो आ रही हैं, लेकिन इस कूटनीतिक सफलता के सामने एक ऐसा संकट खड़ा हो गया है जिसने दुनिया भर के सैन्य रणनीतिकारों को चिंता में डाल दिया है. ईरान ने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के डर से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बड़े पैमाने पर नौसैनिक बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं. हालांकि दोनों देश एक मेज पर आकर समझौते के करीब पहुंच



समंदर में अगर कोई जहाज बारूदी सुरंग के पास आता है तो कुछ इस तरह का विस्फोट होता है. (File Photo: US Navy)

रहे हैं, लेकिन असली और सबसे खतरनाक सवाल यह है कि इस व्यस्त समुद्री रास्ते में बिछाई गई बारूदी सुरंगों को साफ करने का जानलेवा जिम्मा कौन उठाएगा? जब तक इन अदृश्य खतरों को समंदर से पूरी तरह हटा नहीं दिया जाता, तब तक किसी भी व्यापारिक जहाज या तेल टैंकर का यहां से गुजरना आत्मघाती साबित हो सकता है.



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा अपने एक नए बयान के कारण विवादों में हैं. उन्होंने कास्टिंग काउच पर बात करते हुए कहा कि वे रोल के लिए नहीं, बल्कि दुबई के शेख द्वारा करोड़ों रुपये देने पर ही कॉम्प्रोमाइज करने की सोचेंगी.

# अब कास्टिंग काउच बयान पर घिरीं अपूर्वा मखीजा


**रेबेल** किड यानी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा फिर कंट्रोवर्सी में हैं. 370 की बिरयानी विवाद के बीच उनका एक बयान काफी वायरल हो रहा है. इसमें वो कास्टिंग काउच और रोल के लिए कॉम्प्रोमाइज करने की बात कर रही हैं. लेकिन उनकी एक शर्त है. वीडियो में अपूर्वा ने कहा- 2 रुपये के रोल के लिए मैं किसी के साथ नहीं सो रही सर. मुझे माफ करें. लेकिन अगर कोई दुबई का शेख मेरे ऊपर 10-15 करोड़ रुपये फेंककर मारेगा तो मैं सोच सकती हूं. लेकिन एक रोल के लिए नहीं. अपूर्वा ने वीडियो में ये भी बताया कैसे एक कास्टिंग डायरेक्टर ने उन्हें अप्रोच किया था. उन्हें उसकी बात सुन खतरा फील हुआ था. उन्होंने अपनी मैनेजर का उस कास्टिंग डायरेक्टर को नंबर दिया था.

**वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर हुई ट्रोल**

## ब्रिटिश एक्टर ने बताए 'लगान' के दिलचस्प किस्से

सना फरज़ीन, आजतक

आशुतोष गोवारिकर की 'लगान', रिलीज के 25 साल बाद भी इंडियन सिनेमा में एक बड़ा लैंडमार्क है. आमिर खान स्टारर यह फिल्म सिर्फ अपने ऐतिहासिक क्रिकेट मैच के लिए ही नहीं, दमदार कहानी के लिए भी आज याद की जाती है. इस फिल्म में जो कुछ स्क्रीन पर हुआ, जनता को उसका एक-एक फ्रेम याद है, मगर इस फिल्म के बनने पर पर्दे के पीछे जो कुछ घट रहा था, उसके किस्से भी बहुत दिलचस्प हैं. लगान में ब्रिटिश ऑफिसर कैप्टन एंड्रू रसेल का किरदार निभाने वाले एक्टर पॉल ब्लैकथॉर्न ने इंडिया टुडे से एक खास बातचीत में शूटिंग के दिनों को याद किया और फिल्म के सेट से कई अनसुने दिलचस्प किस्से शेयर किए. इनमें एक मजेदार किस्सा 'लगान' की ब्रिटिश कास्ट के लिए आई स्पेशल डिश "करी पास्ता" से जुड़ा है. लगान में



जालिम ब्रिटिश अफसर एंड्रू रसेल का रोल करने वाले पॉल ने शूटिंग के एक्सपीरियंस को इंटेन्स और थकाऊ बताते हुए कहा कि उन्हें जीवन में पहले कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ था. उन्होंने बताया, 'ये चार महीने प्रेशर कुकर में रहने जैसा था. और उस कुकर में बहुत कुछ एक साथ था. भारतीय कलाकार, ब्रिटिश कलाकार, वहां के लोकल लोग, फिल्म की कहानी, माहौल, लोकेशन... सब कुछ बहुत इंटेन्स था.'

## आज की तस्वीर



**'स्पाइडर गर्ल' का जलवा**

हॉलीवुड अभिनेत्री जेंडाया स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आयोजित 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' के फोटोकॉल कार्यक्रम में शामिल हुईं. फोर सीजन्स होटल में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने आकर्षक अंदाज से सभी का ध्यान खींचा. जेंडाया की मौजूदगी ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी. (Photo: Getty Images)

**रोल के लिए 500 लड़कियों ने दिया था ऑडिशन**

# कैसे गदर की सकीना बनीं अमीषा?

**सनी** देओल और अमीषा पटेल स्टारर 'गदर: एक प्रेम कथा' को रिलीज हुए आज पूरे 25 साल हो चुके हैं. इस खास मौके पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने 'सकीना' बनने के अपने यादगार सफर और इस फिल्म से जुड़ी कई अनसुनी बातों को याद किया है. अमीषा ने फिल्म की सफलता और सनी देओल के बारे में खुलकर बात की. HT को दिए इंटरव्यू में अमीषा पटेल बताती हैं कि जब शुरुआत में उन्हें 'गदर' में सनी देओल के अपोजिट कास्ट किए जाने की बात चल




रही थी, तो उन्हें दोनों के बीच की उम्र के अंतर को लेकर थोड़ा शक था. वह उस समय को याद करते हुए कहती हैं, 'मेरा पहला सवाल मेकर्स से यही था कि क्या आपको नहीं लगता कि मैं इस फिल्म के लिए बहुत छोटी हूं? क्योंकि मेरे साथ जो हीरो थे, वह उम्र में मुझसे काफी बड़े थे.' हालांकि, यह शक जल्द ही दूर हो गया. अमीषा आगे कहती हैं, 'जब डायरेक्टर ने मुझे पूरी कहानी गहराई से समझाई, तब मुझे समझ आया कि फिल्म की असली खूबसूरती ही तारा सिंह के रफ-एंड-टफ अंदाज और सकीना की बेहद नाजुक शख्सियत के बीच के इसी फर्क में छिपी है.' सकीना का यह आइकॉनिक रोल अमीषा को इतनी आसानी से नहीं मिला था. इसके लिए उन्हें एक कड़े कॉम्पिटिशन से गुजरना पड़ा था, जहां लगभग 500 लड़कियों ने इस रोल के लिए ऑडिशन दिया था.



## मिथुन की बेटी दिशानी चक्रवर्ती की हुई सगाई

बॉलीवुड के 'डिस्को डांसर' और दिग्गज एक्टर मिथुन चक्रवर्ती के घर जल्द ही शहनाई बजने वाली है. मिथुन दा की लाडली बेटी दिशानी चक्रवर्ती ने अपने लॉन्ग-टाइम बॉयफ्रेंड माइल्स मैटंजारिस से सगाई कर ली है. इस बात की जानकारी खुद दिशानी ने सोशल मीडिया पर बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर करते हुए दी है.



## 23 साल बड़े अरबाज संग शादी पर शूरा ने तोड़ी चुप्पी

खान परिवार के चिराग अरबाज खान ने मलाइका अरोड़ा संग तलाक के बाद दूसरी शादी करके अपना घर बसा लिया है. अरबाज ने साल 2023 में शूरा संग परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में निकाह किया था. शादी के बाद अरबाज और शूरा एक नन्ही परी के पेरेंट बन चुके हैं. कपल ने अपनी बेटी का नाम सिपारा रखा है.

## सनी नहीं थे गदर की पहली पसंद, बोले अनिल शर्मा

सना फरज़ीन, आजतक

ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गदर: एक प्रेम कथा' को रिलीज हुए आज पूरे 25 साल हो चुके हैं, लेकिन इस फिल्म का क्रेज आज भी कम नहीं हुआ है. इस ऐतिहासिक मौके पर फिल्म के डायरेक्टर अनिल शर्मा ने हिंदी सिनेमा की इस सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म से जुड़ी कुछ ऐसी यादें ताजा कीं.



# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

### 🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### 🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## ✍ Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(★ Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## ✍ The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(★ Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW